दिनांक : 09.05.2024 समय : 02.10 pm

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

चुनाव प्रचार

प्रदेश में चौथे चरण की आठ सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए तीन दिन से भी कम का समय बचा है। जिसको देखते हुए राजनीतिक दल प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खरगौन के भीकनगांव, बड़वानी के पानसेमल और बड़वानी में आमसभाएं कर रहे हैं। डॉ. यादव का देवास जिले में बागली और देवास में भी प्रचार कार्यक्रम हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा आज उज्जैन एवं देवास में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान खण्डवा और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या इंदौर, धार, उज्जैन लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। कांग्रेस की ओर से आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सैलाना के शिवगढ़, , रतलाम ग्रामीण और महू में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

....

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में इन दिनों मतदाता जागरुकता के कई कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। देवास लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले आगरमालवा जिले के आगर विधानसभा क्षेत्र में आज से 12 मई तक विविध स्वीप गतिविधियां संचालित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए के घर–घर भेंट कर लोगों को पीले चावल देकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामों में मतदाता जागरूकता संबंधी लोगों को शपथ भी दिलाई गई एवं उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

....

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

मौसम

प्रदेश में एक साथ दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं, कुछ क्षेत्रों में लू चल रही है तो कहीं आंधी–बारिश का दौर है। कल भोपाल, इंदौर, मंदसौर, आगर–मालवा, विदिशा, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश हुई। विदिशा में ओले भी गिरे। रतलाम, नरसिंहपुर, नौगांव, शिवपुरी, खंडवा, खरगोन, शाजापुर में पारा 42 डिग्री से अधिक रहा। सबसे गर्म गुना रहा। यहां दिन का तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज भी भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी सहित 12 जिलों में लू चलने का अलर्ट है। जबकि छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट समेत 12 जिलों में गरज–चमक, आकाशीय बिजली गिरने, बारिश और आंधी की संभावना है।

....

गोविंद मालू

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू का कल देर रात इंदौर में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें सीवियर कार्डियक अरेस्ट आया था। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दुख जताते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता गोविन्द मालू के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मालू भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध, समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने पार्टी की विभिन्न जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया।

....

पेरिस ओलम्पिक

पेरिस ओलम्पिक के लिए शूटिंग रायफल और पिस्टल के फायनल सिलेक्शन ट्रायल कल से 19 मई तक राजधानी भोपाल के मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है। इस सिलेक्शन ट्रायल में

देश भर के 35 शीर्ष खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए निशाना साधेंगे। खेल विभाग के अनुसार यहां 7 इवेन्ट में ट्रायल होंगे। इसमें मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के दो खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह और आशी चौकसे भी भागीदारी करेंगे।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- टीकमगढ मे 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। लोक अदालत की जानकारी जन–जन तक पहुचाने के लिए टीकमगढ जिले मे प्रचार रथ गांव–गांव भ्रमण करेगा।
- खण्डवा –बाल विवाहों की रोकथाम के लिए 6 सदस्यीय समितियों का गठन प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर किया गया है। साथ ही जिला मुख्यालयों पर कन्ट्रोल रूम बना गया है।
- इंदौर जिले में अब तक सी–विजिल एप पर आचार संहिता उल्लंघन की 199 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। इसी तरह अन्य माध्यमों से भी निर्वाचन संबंधी 99 शिकायतें प्राप्त हुई थी। इनमें से 78 शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है।

....